भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1612

दिनांक 13 दिसंबर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

खाड़ी देशों के साथ व्यापार संबंधी समस्याएं

1612. डॉ. कलानिधि वीरास्वामी:

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत को सीरिया संकट के कारण खाड़ी देशों के साथ व्यापार संबंधी समस्याएं हो रही हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और आयात पर इसका क्या प्रभाव पड़ा है;

(ग) क्या खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के सदस्य देशों ने पिछले वित्त वर्ष में भारत से निवेश प्रवाह में वृद्धि की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) और (ख) भारत खाड़ी देशों के साथ मजबूत व्यापार संबंध रखता हैं। विगत तीन वर्षों के दौरान, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों के साथ भारत के व्यापार में वृद्धि की प्रवृत्ति देखी गई है।

(ग) और (घ) भारतीय रिजर्व बैंक का फॉरेन एक्सचेंज डिपार्टमेंट (फेड) भारत से विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (ओडीआई) के आंकड़े रखता है। अप्रैल 2000 से नवंबर 2023 तक जीसीसी सदस्य देशों में भारतीय निवेश का मूल्य, अधिकृत डीलर (एडी) बैंकों द्वारा की गई ऑनलाइन रिपोर्टिंग के कारण परिवर्तन के अध्यधीन अधोलिखित तालिका में दिया गया है।

क्र.सं.	देश का नाम	ओडीआई (मिलियन अमेरिकी डॉलर में)
1	संयुक्त अरब अमीरात	13,877
2	बहरीन	210
3	सऊदी अरब	390
4	ओमान	544
5	कतर	152
6	कुवैत	10

स्रोत: आरबीआई

****